आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 06.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचार:–

1– राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में सालभर तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी उत्सव का शुभारंभ करेंगे।

2– इस अवसर पर राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे–इस मौके पर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया जाएगा।

3– बिलासपुर के पास हुए रेल हादसे की रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने आज से शुरू की जांच।

**और**

4– जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित अंबिकापुर दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों का प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने लिया जायजा।

.............

## 'वंदे मातरम'–राष्ट्रव्यापी उत्सव

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के एक सौ पचास साल पूरे होने जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय कल नई दिल्ली में समारोह का आयोजन करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सालभर तक चलने वाले इस राष्ट्रव्यापी उत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर वे एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम सुबह दस से बारह बजे तक दूरदर्शन में प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के बाद पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया जाएगा। गीत के बोल और धुन वंदे मातरम एक सौ पचास डॉट इन पोर्टल पर उपलब्ध है।

सभी राज्यों, केन्द्रीय मंत्रालयों और उससे जुड़े अधीनस्थ कार्यालयों में कल सुबह दस बजे वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देशभर के सभी कार्यालयों और संस्थानों में सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की जाएगी।

इस कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ राज्य भी जुड़ेगा। इस दौरान राज्य में संस्कृति विभाग द्वारा वर्षभर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्कृति विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, यह आयोजन चार चरणों में संपन्न होगा। पहला चरण: सात से चौदह नवम्बर, दूसरा चरण अगले वर्ष उन्नीस से छब्बीस जनवरी, तीसरा चरण आठ से पन्द्रह अगस्त और चौथा चरण एक से सात नवम्बर तक होगा। इन आयोजनों के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में देशभक्ति गीत, नृत्य, निबंध, वाद–विवाद, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, कवि सम्मेलन तथा लघु फिल्म प्रदर्शन जैसे विविध कार्यक्रम होंगे। प्रमुख गायकों और

स्थानीय कलाकारों द्वारा "वंदे मातरम" के विभिन्न स्वरूपों की प्रस्तुति दी जाएगी।

**भाजपा–वंदे मातरम्**

---

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल छत्तीसगढ़ सहित देशभर के एक सौ पचास स्थानों पर वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और वंदे मातरम आयोजन के प्रदेश प्रभारी नंदन जैन ने बताया कि कल रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। इस आयोजन के लिए भाजपा ने संबंधित जिलों में कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं।

श्री जैन ने बताया कि इस अवसर पर एक स्वदेशी संकल्प पत्र को भी सामूहिक रूप से दोहराया जाएगा।

**धान खरीदी**

---

प्रदेश में आगामी पन्द्रह नवंबर से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। किसानों को धान बेचने के लिए इस बार एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि इस साल एक लाख ज्यादा किसानों का पंजीयन हुआ है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि प्रदेश में धान खरीदी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

गौरतलब है कि इस खरीफ वर्ष में किसानों से तीन हजार एक सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से आगामी इकतीस जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी।

**रेलवे–स्पष्टीकरण**

बिलासपुर और गतौरा के बीच चार नवंबर को हुए रेल हादसे की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा आज से शुरू कर दी गई है। यह जांच दो दिनों तक चलेगी। जांच के बाद रेलवे सुरक्षा आयुक्त अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। गौरतलब है कि बिलासपुर के पास बीते चार नवंबर को एक पैसेंजर ट्रेन के खड़ी हुई मालगाड़ी से टकरा जाने के कारण ग्यारह यात्रियों की मौत हो गई थी। वहीं, करीब बीस यात्री घायल हुए थे।

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलमंडल के जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर सुस्कर विपुल विलासराव ने स्पष्ट किया है कि बिलासपुर में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली एक सुरक्षित कार्यप्रणाली है। पिछले दो वर्षों से बिलासपुर रेलमंडल में इसका परिचालन हो रहा है।

## महिला विश्व कप टीम

महिला विश्व कप क्रिकेट का खिताब जीतने के बाद आज भारतीय टीम ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने टीम इंडिया को जीत के लिए बधाई दी। इस दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली जर्सी भेंट की। इससे पहले, कल भारतीय टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने टीम को ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों के साथ लंबी बातचीत भी की।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की बेटी और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथैरेपिस्ट आकांक्षा सत्यवंशी को राज्य सरकार की ओर से दस लाख रूपए की सम्मान राशि प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षा सत्यवंशी ने विश्व स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

## राष्ट्रपति–दौरा

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित अंबिकापुर दौरे को लेकर अम्बिकापुर में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इसी सिलसिले में आज आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

**एसआईआर–बैठक**

प्रदेश में इन दिनों मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर चल रहा है। इस संबंध में रायपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव सिंह ने आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंट जल्द नियुक्त करने की अपील की, ताकि वे बीएलओ के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

घर–घर जाकर गणना प्रपत्र के वितरण का काम चार दिसंबर तक चलेगा। मतदाता अपने नाम और विवरण की जांच **वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी** पर कर सकते हैं। साथ ही किसी भी सहायता के लिए जिला स्तरीय हेल्पलाइन **एक नौ पांच शून्य** पर संपर्क किया जा सकता है।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

खैरागढ़ छुईखदान–गंडई जिले में आज एक इनामी हार्डकोर महिला माओवादी कमला सोड़ी ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इस पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सत्रह लाख रूपए का इनाम घोषित किया गया था। महिला माओवादी ने पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के समक्ष समर्पण किया है। कमला सोड़ी प्रतिबंधित माओवादी संगठन के माड़ डिवीजन की सक्रिय सदस्य थी। राज्य शासन की ओर से आत्मसमर्पित महिला माओवादी को पचास हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर में आफ्ट विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पैंसठ मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक सहित तीन सौ चौबीस विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं।

– भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती परीक्षा में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के सत्रह छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इन छात्रों को आगामी इकतीस दिसंबर तक निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा।

– बीजापुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान भालू के हमले में पुलिस बल का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है।

– जशपुर जिले में आज से चार दिवसीय 'जशपुर जम्बूरी' शुरू हो गई है। इसमें जिले के युवाओं के साथ–साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटक भी शामिल हो रहे हैं।

और

— बस्तर जिले के नगरनार थाना क्षेत्र के धनपुंजी में एक वाहन से छप्पन किलो से अधिक गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत साढ़े पांच लाख रूपए से अधिक आंकी गई है। आरोपी वाहन चालक और उसके साथी फरार हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>